# जुलाई महीने में 12,366 प्रॉपर्टी का हुआ रजिस्ट्रेशन

वरिष्ठ संवाददाता| मुंबई

मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में जुलाई महीने में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में सुधार देखा गया है। इस दौरान कुल 12,366 प्रॉपर्टी पंजीकरण हुआ है, जिससे स्टांप ड्यूटी और संबंधित शुल्कों के माध्यम से सरकार को 1,101 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक मुंबई के रियल एस्टेट बाजार में जुलाई महीने में जहां 1 करोड़ से 5 करोड़ रुपए की मध्यम-आय वर्ग की हाउसिंग श्रेणी में थोड़ी गिरावट देखी गई, वहीं 5 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के हाई-वैल्यू ट्रांजैक्शंस की हिस्सेदारी बढ़कर कुल पंजीकरण का 6% हो गई। नाइट फ्रैंक इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 1,000 वर्ग फुट तक के अपार्टमेंट्स जुलाई 2025 में मुंबई के आवासीय बाजार में 82 फीसदी हिस्सेदारी के साथ हावी रहे। पश्चिमी और मध्य उपनगरों में जुलाई में कुल पंजीकरण का हिस्सा 88 फीसदी रहा। इनमें अकेले पश्चिमी उपनगरों की हिस्सेदारी 57 फीसदी रही। इसके विपरीत, साउथ मुंबई में गिरावट दर्ज की गई, जहां इसकी हिस्सेदारी घटकर केवल 6 फीसदी रह गई।

## राज्य को 1101 करोड़ रुपए का मिला राजस्व

### साल 2025 में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन और राजस्व

| महीना | प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन | राजस्व* |
|---|---|---|
| जनवरी | 12259 | 994 |
| फरवरी | 12066 | 935 |
| मार्च | 15501 | 1589 |
| अप्रैल | 13080 | 1115 |
| मई | 11565 | 1062 |
| जून | 11599 | 1035 |
| जुलाई | 12366 | 1101 |

* करोड़ रुपए



मुंबई के रियल एस्टेट बाजार ने जुलाई 2025 में प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में लगातार मजबूत प्रदर्शन किया है। शहर में एंड-यूजर डिमांड और दीर्घकालिक निवेश में रुचि बनी हुई है। 5 करोड़ रुपए से अधिक की प्रीमियम प्रॉपर्टीज के रजिस्ट्रेशन में आई तेजी मुंबई के होमबायर्स की बढ़ती महत्त्वाकांक्षा और समृद्धि को दर्शाती है।
-प्रशांत शर्मा, अध्यक्ष, नरेडको महाराष्ट्र

epaper-bhaskarhindi-com.wl6-demo.readwhere.com

दैनिक भास्कर
Sat, 02 August 2025
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/77876546